# रहते हैं खाटू धाम में | By Vijay Soni |

वो प्यार करते हैं
रहते हैं खाटू धाम में
पर ध्यान रखते हैं

जब भी पुकारूँ आते हैं
श्री श्याम दौड़ कर
कितने जरूरी काम भी
आते हैं छोड़कर
अपने भगत पे कितना
उपकार करते हैं
रहते हैं खाटू धाम में
पर ध्यान रखते हैं

करते हैं बाबा रखवाली
दिन रात भक्तों की
सुनते हैं सदा बाबाजी
हर बात भक्तों की
मझधार में हो नैया
वो पार करते हैं
रहते हैं खाटू धाम में
पर ध्यान रखते हैं

हम माँग रहे हैं
श्याम भेजते रहते
हालात सभी भक्तों की
वो देखते रहते
भक्तों की झोली खाली
हर बार भरते हैं
रहते हैं खाटू धाम में
पर ध्यान रखते हैं

कर्जा तुम्हारा बाबाजी
कैसे उतारेंगे
तेरी ही सेवा में
बस जीवन गुजारेंगे
तेरी कृपा से भक्तों की
जीवन संवरते हैं
रहते हैं खाटू धाम में
पर ध्यान रखते हैं

अपने भगत से कितना
वो प्यार करते हैं
रहते हैं खाटू धाम में
पर ध्यान रखते हैं

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%b9%e0%a4%a4%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a5%88

%e0%a4%82-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%a7%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-by-vijay-soni/